कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर

रेलवे अस्पताल के सामने, रातानाडा, जोधपुर-342001

email: jdajodhpur@yahoo.com वैब-साईट jodhpurjda.org Phone No 0291-2613086/2656357 Fax 0291-2612086

क्रमांक: F37(3)/नि.आ./बीपीसी(एल.पी.)/का.वि./2021/130 दिनांक:- 1/6/2021

-:कार्यवाही विवरण:-

विषय:- भवन मानचित्र समिति (ले-आउट प्लान) की 04/2021 वी बैठक दिनांक 01.06.2021 को आयुक्त महोदय, जोविप्रा, जोधपुर की अध्यक्षता में उनके कक्ष में आयोजित हुई, इसमें प्रस्तुत एजेण्डा पर विचार विमर्श किया जाकर निम्नवत निर्णय लिये गये। उपस्थित सदस्यों का विवरण परिशिष्ट-"1" पर है।

एजेण्डा संख्या 01 :- (01.06.2021)

विषय :- भवन मानचित्र समिति (ले-आउट प्लान) की 03/2021 वी बैठक दिनांक 24.03.2021 के कार्यवाही विवरण की पुष्टि।

निर्णय :- **समिति द्वारा बाद विचार-विमर्श उपरान्त गत बैठक के कार्यवाही विवरण की सर्वसम्मति से पुष्टि की गयी।**

एजेण्डा संख्या 02 :- (01.06.2021) जोन-दक्षिण

विषय :- राजस्व ग्राम मोगडा खुर्द पाली रोड के खसरा संख्या 142, 295 क्षेत्रफल 493043.80 वर्गमीटर मे ट्रान्सपोर्ट नगर/ओटोमोबाईल नगर के पूर्व में अनुमोदित योजना मानचित्र में संशोधन बाबत्।

निर्णय :- **समिति द्वारा एजेण्डा व पत्रावली का अवलोकन किया गया। बाद विचार-विमर्श समिति द्वारा मौका स्थिति अनुसार प्रस्तुत संशोधित योजना मानचित्र को निम्नलिखित शर्तों के अध्यधीन अनुमोदित किये जाने का निर्णय लिया गया -**

01. प्रस्तावित ले-आउट प्लान में दर्शाये गये भूखण्ड नाप 15' X 20' व 20' X 40' की ओपनिंग ले-आउट प्लान में दर्शायी गयी पार्किंग हेतु आरक्षित भूमि की तरफ होगी व मुख्य सड़क की तरफ नहीं होगी।
02. प्रस्तावित ले-आउट प्लान में दर्शाये गये भूखण्ड नाप 15' X 20', 15' X 40' एवं 20' X 40' में प्रस्तावित भवनों की अधिकतम उंचाई 8 मीटर (भूतल सहित प्रथम मंजिल) तक ही अनुज्ञेय होंगी।
03. प्रस्तावित ले-आउट प्लान में दर्शाये गये भूखण्ड नाप 10' X 10' (इन्फोंमल शॉप्स) में केवल भूतल पर ही निर्माण अनुज्ञेय होंगा।
04. प्रस्तावित ले-आउट प्लान में दर्शाये गये शेष भूखण्डों के मापदण्ड राजस्थान (नगरीय क्षेत्र) भवन विनियम, 2020 के अनुसार होगें।

आयुक्त महोदय द्वारा धन्यवाद के साथ बैठक सम्पन्न हुई। उक्त कार्यवाही विवरण सक्षम स्तर से अनुमोदित है।

(हस्ताक्षर) 1/6/21

उप नगर नियोजक एवं सदस्य सचिव
भवन मानचित्र अनुमोदन समिति (एल.पी.)
जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर

क्रमांक: F37(3)/नि.आ./बीपीसी(एल.पी.)/का.वि./2021/131-135 दिनांक:-

प्रतिलिपी :- **निम्न को अवलोकनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।**

1. वरिष्ठ निजी सहायक, आयुक्त महोदय, जो.वि.प्रा., जोधपुर को सूचनार्थ।
2. निजी सचिव, सचिव महोदय, जो.वि.प्रा., जोधपुर को सूचनार्थ।
3. निदेशक (अभियांत्रिकी/आयोजना), जो.वि.प्रा., जोधपुर को सूचनार्थ।
4. उपायुक्त (पूर्व/दक्षिण), जो.वि.प्रा., जोधपुर को सूचनार्थ।
5. एनआईसी शाखा को भेजकर लेख है कि इसे जो.वि.प्रा. की वेबसाईट पर अपलोड करने का श्रम करें।

(हस्ताक्षर) 1/6/21

उप नगर नियोजक एवं सदस्य सचिव
भवन मानचित्र अनुमोदन समिति (एल.पी.)
जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर